प्रेस नोट 01.03.2021

गैंगेस्टर एक्ट में वांछित एक व्यक्ति गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.03.2021 को थाना **सरायलखंसी** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान कन्धेरी से मु0अ0सं0 24/21 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त कलाउद्दीन पुत्र जब्बार निवासी कन्धेरी थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 01.03.2021 को थाना **मधुबन** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रोडवेज मधुबन के पास से मु0अ0सं0 74/21 धारा 363,366,376डी,504,506 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण क्रमशः विक्की पुत्र रामनिवास , गौरव तिवारी पुत्र अनिल तिवारी निवासीगण तिनहरी थाना मधुबन, सुजीत सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी हरखोरी थाना जियनपुर जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

20 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब के साथ 02 गिरफ्तार–

दिनांक 28.02.2021 को थाना **मधुबन** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दोरान धर्मपुर विसूनपुर के पास से अशोक हरिजन पुत्र विक्रमा, हरिश्चन्द्र हरिजन पुत्र स्व0 रघुनाथ निवासीगण धर्मपुर विसूनपुर थाना मधुबन जनपद मऊ के कब्जे से क्रमशः 10–10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

एक अदद अवैध चाकू के साथ एक शातिर गिरफ्तार–

दिनांक 28.02.2021 को थाना **मुहम्मदाबाद** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान रेलवे क्रासिंग मुहम्मदाबाद के पास से सरफराज पुत्र मो0 इस्माइल निवासी बैरियावा थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 81/21 धारा 4/25 आयुद्य अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

शांति भंग की आशंका में 18 व्यक्ति तथा एक वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 01.02.2021 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना **दक्षिणटोला** पुलिस द्वारा सेराज अहमद, मूमताज अहमद निवासीगण डोमनपुरा थाना दक्षिणटोला, थाना **दोहरीघाट** पुलिस द्वारा बलीराम, रामप्रकाश निवासीगण बुढ़ावर थाना दोहरीघाट, थाना **घोसी** पुलिस द्वारा सुदर्शन, मनोज, प्रमोद निवासीगण अमिला थाना घोसी, थाना **हलधरपुर** पुलिस द्वारा विन्ध्याचल निवासी इटैली थाना हलधरपुर, थाना **मधुबन** पुलिस द्वारा वैभव उर्फ संतोष निवासी लोकया थाना मधुबन, थाना **मुहम्मदाबाद** पुलिस द्वारा विजय सिंह, वृजेश, शशिकान्त, पंकज निवासीगण अतरारी थाना मुहम्मदाबाद, थाना **सरायलखंसी** पुलिस द्वारा हरेन्द्र कुमार, बसंत, राजेन्द्र शर्मा निवासीगण अहिलास थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी तथा थाना **मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा एक वारंटी** अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 विक्रम निवासी बरहज थाना मुहम्मबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

- मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा) एवं कानून व्यवस्था जागरूकता अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.03.2021 को किंग्स ईडेन इण्टर नेशनल स्कूल, गालिबपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ में महिला शक्ति, नारी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़, परिक्षेत्र आजमगढ श्री सुभाष चन्द्र दूबे तथा पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले द्वारा यूपी 112, 108, 102, 1090, 181, 1076 हेल्पलाईन नम्बरों के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुये उपस्थित छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया। साथ ही साथ महिला आरक्षी सरोज यादव द्वारा सेल्फ डिफेंस का डेमो देते हुये जागरुक किया गया। इस दौरान डीआईजी महोदय द्वारा उक्त आरक्षी सरोज यादव को सेल्फ डिफेंस की बारिकियों से जागरुक किये जाने पर 10 हजार के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

- पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले के निर्देशन में पुलिस कार्यालय स्थित मॉनिटरिंग सेल के प्रभावी पैरवी से आज दिनांक 01.03.2021 को माननीय न्यायालय स्पेशल पोक्सों ट्रायल–1 द्वारा मु0अ0सं0 856/14 धारा 363,366,376 भादवि0 व 3/4 पोक्सों एक्ट में अभियुक्त धनन्जय साहनी पुत्र जयशंकर साहनी निवासी बैरियाडीह थाना मधुबन जनपद मऊ को 10 वर्ष की सश्रम कारावास व 28 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।